मार्केट को सेक्टरवाइज आईटी सेक्टर से मजबूत सपोर्ट मिला

सेंसेक्स 1,533 अंक उछलकर 74300 के पार, निफ्टी भी चढ़ा

● मुंबई / राज न्यूज नेटवर्क



शेयर बाजार में दिवाली से पहले गुरुवार को आतिशबाजी का माहौल दिखा। सेंसेक्स इंट्रा-डे में 1500 प्वाइंट्स से अधिक चढ़ गया तो निफ्टी भी 28 सितंबर के बाद पहली बार इंट्रा-डे में 23000 के पार पहुंचा। हालांकि ऐसी रौनक मिडकैप और स्मॉलकैप स्पेस में नहीं दिखी।

निफ्टी मिडकैप 100 करीब आधे फीसदी कमजोर हुआ तो निफ्टी स्मॉलकैप 100 आज 1 प्रतिशत से अधिक कमजोर हुआ। इस कारण सेंसेक्स और निफ्टी की धमाकेदार तेजी के बावजूद बीएसई पर लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप 28 हजार करोड़ रुपए से अधिक घट गया। सेक्टरवाइज मार्केट को आज आईटी सेक्टर से मजबूत सपोर्ट मिला। एआई स्टॉक्स में भारी बिकवाली के चलते एआई-हैवी दक्षिण कोरियाई इंडेक्स कोस्पी करीब 9प्रतिशत टूट गया। एआई स्टॉक्स में बिकवाली ने आईटी सर्विसेज स्टॉक्स की रौनक बढ़ा दी और घरेलू मार्केट में निफ्टी आईटी करीब 2 प्रतिशत मजबूत हुआ। मार्केट को प्राइवेट बैंकों से भी शानदार सपोर्ट मिला, जिसका निफ्टी इंडेक्स करीब 2 प्रतिशत मजबूत हुआ। निफ्टी ऑटो भी डेढ़ फीसदी से अधिक मजबूत हुआ तो निफ्टी एफएमसीजी 1 प्रतिशत से अधिक कमजोर हुआ। अब घरेलू इक्विटी बेंचमार्क इंडेक्सेज की बात करें तो 15 अक्टूबर को सेंसेक्स 1533.72 प्वाइंट्स यानी 2.11 प्रतिशत की बढ़त के साथ 74,315.61 और निफ्टी भी 374.65 प्वाइंट्स यानी 1.66 प्रतिशत की मजबूती के साथ 22,997.35 पर बंद हुआ है।

तेजी के बावजूद निवेशकों के 28 हजार करोड़ डूबे

एक कारोबारी दिन पहले यानी 14 अक्टूबर 2026 को बीएसई पर लिस्टेड सभी शेयरों का कुल मार्केट कैप 4,71,33,774.04 करोड़ रुपये था। जो 15 अक्टूबर 2026 को यह बढ़कर 4,71,05,050.74 करोड़ रुपए पर आ गया। इसका मतलब हुआ कि निवेशकों की पूंजी में 28,723.3 करोड़ रुपए की गिरावट आई है।

सेंसेक्स के सिर्फ 3 शेयर लाल

सेंसेक्स पर 30 शेयर लिस्टेड हैं जिसमें सिर्फ तीन- बीईएल, ट्रेंट और एचयूएल ही आज लाल रहे। वहीं दूसरी तरफ टेक महिंद्रा और आईसीआईसीआई बैंक आज सबसे अधिक बढ़त के साथ बंद हुए। बीएसई पर आज 4591 शेयरों की ट्रेडिंग हुई। इसमें 1720 शेयर आज मजबूत हुए तो 2668 में गिरावट रही जबकि 203 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसके अलावा 126 शेयर एक साल के हाई और 114 शेयर एक साल के निचले स्तर पर आ गए। वहीं 14 शेयर अपर सर्किट पर पहुंच गए तो 41 शेयर लोअर सर्किट पर आ गए।

दीपावली तक देश में हो सकता है सात लाख करोड़ से अधिक का कारोबार

● नई दिल्ली / राज न्यूज नेटवर्क



इस वर्ष नवरात्रि से दीपावली तक देशभर में सात लाख करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार होने का अनुमान है, जो पिछले वर्ष के रिकॉर्ड कारोबार की तुलना में लगभग 15-18 प्रतिशत अधिक हो सकता है। पिछले वर्ष दीपावली के अवसर पर देश में लगभग 6.05 लाख करोड़ रुपये का रिकॉर्ड व्यापार हुआ था।

नवरात्रि - दुर्गा पूजा के बाद, दशहरा, करवा चौथ, धनतेरस, दिवाली, गोवर्धन पूजा, भैया दूज, छठ पूजा, गुरु नानक जयंती एवं तुलसी विवाह त्यौहार बड़े रूप में देश भर में मनाये जाते हैं। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) द्वारा जारी किये गए आंकड़ों के मुताबिक पिछले वर्ष दीपावली के अवसर पर देश में लगभग 6.05 लाख करोड़ रुपये का रिकॉर्ड व्यापार हुआ था, जिसमें लगभग 5.40 लाख करोड़ का वस्तु व्यापार तथा 65,000 करोड़ का सेवा क्षेत्र शामिल था।

इस वर्ष त्योहारी गतिविधियों के और व्यापक होने को देखते हुए कारोबार के 7 लाख करोड़ रुपये से ऊपर जाने की संभावना है।

देश में मांग और खरीदारी को लेकर रुझान मजबूत

कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल ने कहा कैट का यह प्रारंभिक अनुमान देशभर के विभिन्न राज्यों के प्रमुख व्यापारिक संगठनों एवं बाजारों से प्राप्त फीडबैक, उपभोक्ता मांग, त्योहारी खरीदारी के रुझान, ग्रामीण एवं अर्ध-शहरी बाजारों की सक्रियता, स्थानीय उत्पादों की बढ़ती मांग तथा विभिन्न क्षेत्रों में होने वाली व्यापक आर्थिक गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। खंडेलवाल ने कहा कि नवरात्रि से दीपावली 2026 का त्योहारी सीजन देश के व्यापार, सेवा क्षेत्र और स्थानीय अर्थव्यवस्था के लिए एक नया मील का पत्थर साबित होगा। त्योहारी व्यापार में यह वृद्धि केवल उपभोक्ता मांग का परिणाम नहीं है, बल्कि वोकल फॉर लोकल, मेड इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत के विजन को देश के बाजारों और उपभोक्ताओं द्वारा मिल रही व्यापक स्वीकार्यता को भी दर्शाती है।

पेमेंट ऐप बने भारत के वित्तीय साथी, डिजिटल क्रेडिट में टियर-2 शहर सबसे आगे

ग्वालियर। पहले इंडिया फाउंडेशन ने अमेजन पे के साथ मिलकर आज हाउ अर्बन इंडिया पेज रिपोर्ट 2026 जारी की है। इसके लिए 20 राज्यों के 100 शहरों में 5,149 उपभोक्ताओं और 1,054 व्यापारियों से बात की गई। रिपोर्ट बताती है कि डिजिटल भुगतान अब लोगों की रोज की आदत बन चुका है। खर्च की छह में से पांच श्रेणियों में लोग सबसे ज्यादा यूपीआई से भुगतान करते हैं। डिजिटल क्रेडिट के मामले में तस्वीर अलग है। 88 प्रतिशत लोग इसके बारे में जानते हैं, लेकिन इस्तेमाल सिर्फ 31 प्रतिशत करते हैं। अमेजन् पे इंडिया के सीईओ विकास बंसल ने कहा, इस साल सबसे खास बात यह रही कि शहरों में लोग रोज के खर्च संभालने के लिए पूरे भरोसे के साथ डिजिटल क्रेडिट अपना रहे हैं। हमारे 75 प्रतिशत ग्राहक टियर-2 और टियर-3 शहरों से हैं। पहले इंडिया फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. राजीव कुमार ने कहा, डिजिटल भुगतान में भारत ने जो क्रांति की है, वह हमारी विकास यात्रा की बड़ी उपलब्धियों में से एक है।

भूल सुधार / आम सूचना

एतद् द्वारा सूचित हो कि दिनांक 13.10.2026 को राज एक्सप्रेस समाचार में प्रकाशित क्षे. क्रं. 05, वार्ड क्रं. 17 की विज्ञप्ति में आई.डी.क्र. 1000068695 के स्थान पर आई.डी.क्र. 9000386264 पढ़ा जाये, जिसका कार्य क्रं. 77/2011/47750/47675/ है। शेष यथावत रहेगा।

आवेदक का नाम/पता
नृपेन्द्र कुमार पाण्डेय / श्री जय प्रकाश पाण्डेय
कीर्ती चौधरी / श्री नृपेन्द्र कुमार पाण्डेय
पता : न्यू कॉलोनी नं.2, वार्ड -17

नाम परिवर्तन सूचना

यह है कि मेरा नाम **नेहा कुशवाह** व जन्मतिथि **26/03/2000** है पर मेरे पति के अभिलेख में मेरा नाम भूलवश **नेहा देवी** व जन्मतिथि **23/03/1998** अंकित हो गया है। इसलिए अपना नाम **नेहा देवी** के स्थान पर **नेहा कुशवाह** जन्मतिथि **26/03/2000** अंकित कराना चाहती हूँ एवं भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।

आवेदक:
नेहा कुशवाह पत्नी यदुनाथ सिंह
निवासी- ग्राम उदोतगढ तह. अटेर
जिला भिण्ड (म.प्र.)

विप्रो के शुद्ध लाभ में मामूली गिरावट दर्ज

नई दिल्ली (आरएनएन)। आईटी सेवाएं देने वाली कंपनी विप्रो का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 1.40 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 3,200.6 करोड़ रुपये रहा। बेंगलुरु स्थित कंपनी ने बृहस्पतिवार को जुलाई-सितंबर, 2026 तिमाही के नतीजे की सूचना शेयर बाजार को दी। एक साल पहले की समान तिमाही में कंपनी ने 3,246.2 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया था। विप्रो का परिचालन राजस्व 9.1 प्रतिशत बढ़कर 24,752.7 करोड़ रुपये हो गया। एक साल पहले की समान तिमाही में यह 22,697.3 करोड़ रुपये था। तिमाही आधार पर कंपनी का लाभ 4.5 प्रतिशत गिर गया जबकि उसके राजस्व में एक प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई। आईटी सेवा खंड ने 261.15 करोड़ डॉलर का राजस्व कमाया जो जून तिमाही की तुलना में 0.1 प्रतिशत कम और सालाना आधार पर 0.3 प्रतिशत अधिक है।

अप्रैल से सितंबर के दौरान सोने के आयात में 27 प्रतिशत की गिरावट

सोने के आयात शुल्क में वृद्धि का असर

● नई दिल्ली / राज न्यूज नेटवर्क

सोने के भाव में 15 अक्टूबर 2026 को अंतर्राष्ट्रीय कमोडिटी बाजार कॉमेक्स से लेकर घरेलू कमोडिटी बाजार एमसीएक्स तक तेजी देखने को मिल रही है। कीमतों में उतार-चढ़ाव के बीच आज वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने अप्रैल-सितंबर के दौरान होने के आयात में 27 प्रतिशत की गिरावट की जानकारी दी।

इस गिरावट के बाद सोने के आयात के आंकड़े 19.27 बिलियन डॉलर रिकॉर्ड हुए। 1 साल पहले इसी अवधि में यह आंकड़े 26.51 बिलियन पर थे। सोने के आयात में आ रही यह गिरावट भारत में सोने के आयात पर लगे शुल्क में वृद्धि का परिणाम है। पश्चिम एशिया में चल रहे तनाव के कारण कच्चे तेल की कीमतों में पिछले कुछ महीनो में बड़ा उछाल आ चुका है।



सोना 900 और चांदी 6,000 रुपये टूटी

रुपये में मजबूती और हाजिर मांग कमजोर रहने से राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में गुरुवार को सोने की कीमतों में लगातार चौथे कारोबारी सत्र में गिरावट दर्ज की गई। सोना 900 रुपये टूटकर 1,49,900 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। स्थानीय कारोबारियों के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव सभी करों सहित 900 रुपये घटकर 1,49,900 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। बुधवार को सोना 1,50,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

यूको बैंक का कारोबार सालाना आधार पर बढ़ा



● कोलकाता / राज न्यूज नेटवर्क

यूको बैंक ने 30 सितंबर को समाप्त तिमाही के वित्तीय परिणाम घोषित कर दिये हैं। बैंक का कुल कारोबार 6,37,280 करोड़ रुपये रहा, जो वर्ष-दर- वर्ष के आधार पर 18.81 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। इसमें सकल अग्रिमों में वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 24.70 प्रतिशत की वृद्धि होकर 2,87,690 करोड़ और कुल जमाओं में वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 14.36 प्रतिशत की वृद्धि होकर 3,49,590 करोड़ हो गया। बैंक की कुल कासा राशि 1,22,259 करोड़ रही, जो वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 10.59 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। बचत जमा 1,03,736 करोड़ रहा, जो वर्ष- दर-वर्ष के आधार पर 9.10 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है तथा चालू जमा 18,253 करोड़ रहा, जो वर्ष-दर-वर्ष के आधार पर 19.70 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है।

कासा अनुपात 36.77 प्रतिशत हो गया। बैंक के आरएएम खंड में वर्ष-दर-वर्ष के आधार पर 26.92 प्रतिशत बढ़कर 1,68,736 करोड़ हो गया।

गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालय छठा तल, बी बिल्डिंग, गंगा ट्यून, लोहेगांव, पुणे, महाराष्ट्र 411014
शाखा कार्यालय इकाई: तृतीय तल, अलखनंदा टॉवर, सिटी सेंटर, ग्वालियर – 474011, मध्य प्रदेश

ई–नीलामी बिक्री सूचना
सरफेसी अधिनियम के अंतर्गत सुरक्षित अचल संपत्ति की बिक्री

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 ("अधिनियम") के अंतर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु ई–नीलामी बिक्री सूचना, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 और 9 के साथ पठित।

इसके द्वारा आम जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता/सह–उधारकर्ता/बंधककर्ता/गारंटर(यों) को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्तियां **गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड** (जिसे अधिनियम के अनुसार आगे "**सुरक्षित लेनदार**" कहा जाएगा) को गिरवी रखी गई हैं, जिसका कब्जा **अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम के नियम 8 और 9 के साथ पठित, अधिनियम की धारा 13(2) के तहत** सूचना के अनुसरण में सुरक्षित लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है।

सुरक्षित संपत्तियाँ "**जहाँ है जैसी है**", "**जो है जैसी है**" और "**जो कुछ भी है**" के आधार पर **18–11–2026** को ई–नीलामी के माध्यम से बेची जाएँगी। सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हम **https://www.bankeauctions.com** वेबसाइट पर उपलब्ध ई–नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से सार्वजनिक नीलामी करने जा रहे हैं।

बिक्री की विस्तृत नियम व शर्तों के लिए, कृपया GHFL/सुरक्षित ऋणदाता की वेबसाइट www.grihumhousing.com पर दिए गए लिंक का संदर्भ देखें।

सं. क्रं.	प्रस्ताव संख्या ग्राहक का नाम (ए)	मांग सूचना तिथि एवं बकाया राशि (बी)	कब्जे की प्रकृति (सी)	संपत्ति का विवरण (डी)	आरक्षित मूल्य (ई)	ईएमडी (आरपी का 10%) (एफ)	ईएमडी जमा करने की तिथि (जी)	वृद्धिशील बोली (एच)	संपत्ति निरीक्षण का दिनांक एवं समय (आई)	नीलामी की तिथि और समय (जे)	ज्ञात भार/न्यायालयीन मामले, यदि कोई हों (के)
	A	B	C	D	E	F	G	H	I	J	K
1	ऋण संख्या HL00592100000005011353 **मेहरबान सिंह (उधारकर्ता), लाली (सह–उधारकर्ता)**	**नोटिस की तारीख: 11–12–2025 कुल बकाया: रुपये 7,00,755/–** (सात लाख सात सौ पचपन रुपये मात्र), जो 11–12–2025 तक देय है, इसके साथ ही वसूली तक 13.35% प्रति वर्ष की दर से ब्याज देय होगा।	**मौतिक**	वह संपूर्ण भूखंड और प्रासंगिक संपत्ति जो एक प्लॉट है, जिसका क्षेत्रफल 1129 वर्ग फीट है, ग्राम जोटीं के सर्वे नंबर 716/2 का एक भाग, म्युनिसिपल वार्ड नंबर 11 (सिद्धनगर का भाग), तहसील और जिला मुरैना (म.प्र.) **संपत्ति की सीमाएँ:** पूर्व – कृषि उपज मंडी की सीमाएँ; पश्चिम – महेश और निरंजन का मकान; उत्तर – मस्जिद; दक्षिण – सड़क।	**रु. 16,79,388.00/–** (सोलह लाख उनासी हजार तीन सौ अट्ठासी रुपये मात्र)	**रु. 1,67,938.80/–** (एक लाख सड़सठ हजार नौ सौ अड़तीस रुपये और अस्सी पैसे मात्र)	**17–11–2026 शाम 5 बजे से पहले**	**रु. 10,000/–**	**13–11–2026 (सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक)**	**18–11–2026 (सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक)**	**निरंक**
2	ऋण संख्या HL00592100000005039750 **हुकम सिंह (उधारकर्ता), शिवानी उदय (सह–उधारकर्ता)**	**नोटिस की तारीख: 11–12–2025 कुल बकाया: रु. 4,29,901/–** (चार लाख उन्तीस हजार नौ सौ एक रुपये मात्र), जो 11–12–2025 तक देय है, इसके साथ ही वसूली तक 13.35% प्रति वर्ष की दर से ब्याज देय होगा।		वह संपूर्ण भूखंड और संपत्ति अर्थात् प्लॉट नंबर 187, जो ग्राम जैतपुर नूरबाद, बानमोर, तहसील और जिला मुरैना, म्युनिसिपल वार्ड नंबर 05, भाग भूमि सर्वे नंबर 73, 74 और 89, ग्राम जैतपुर में स्थित है, जिसका क्षेत्रफल 800 वर्ग फीट यानी 74.34 वर्ग मीटर है। इसमें सभी चल संपत्तियां और प्राप्य, सभी मौजूदा इमारतें और संरचनाएं तथा भविष्य में किसी भी समय बनने वाली इमारतें, तथा पृथ्वी से जुड़ी या स्थायी रूप से बंधी सभी फिक्सर और फर्नीचर (वर्तमान और भविष्य के) शामिल हैं। सीमाएँ: उत्तर में – प्लॉट नंबर 188, दक्षिण में – प्लॉट नंबर 186, पूर्व में – अन्य का प्लॉट, पश्चिम में – 25 फीट चौड़ा रास्ता। **माप:** उत्तरी तरफ पूर्व से पश्चिम: 20 फीट, दक्षिणी तरफ पूर्व से पश्चिम: 20 फीट, पूर्वी तरफ उत्तर से दक्षिण: 40 फीट, पश्चिमी तरफ उत्तर से दक्षिण: 40 फीट।	**रु. 4,20,000.00/–** (चार लाख बीस हजार रुपये मात्र)	**रु. 42,000.00/–** (बयालीस हजार रुपये मात्र)	**17–11–2026 शाम 5 बजे से पहले**	**रु. 10,000/–**	**13–11–2026 (सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक)**	**18–11–2026 (सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक)**	**निरंक**

इच्छुक बोलीदाताओं/खरीदारों को सलाह दी जाती है कि वे सुरक्षित ऋणदाता शाखा और नीलामी संपत्तियों पर जाएँ, अपनी स्वयं की जाँच करें और अतिरिक्त शुल्क, भार और किसी भी तृतीय–पक्ष के हितों का पता लगाएँ और बोली जमा करने से पहले सभी पहलुओं से स्वयं संतुष्ट हो लें। संपत्ति कर, बिजली/पानी के बिल और संपत्ति से जुड़े अन्य सभी बकाया, यदि कोई हों, जैसे सभी वैधानिक बकाया, सफल बोलीदाता द्वारा पता लगाकर चुकाए जाने चाहिए।

इच्छुक बोलीदाताओं को पोर्टल पर स्वयं को पंजीकृत करना होगा और नीलामी सेवा प्रदाता (**सी1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड**) **पता– प्लॉट संख्या–68, तीसरी मंजिल, गुड़गांव, हरियाणा–122003। हेल्पलाइन नंबर–7291981124,25,26 सहायता ईमेल आईडी–Support@bankeauctions.com, संपर्क व्यक्ति–विनोद चौहान, ईमेल आईडी–** delhi@c1india.com **संपर्क नंबर–9813887931** से लॉगिन आईडी और पासवर्ड, जो ई–बोली के लिए अनिवार्य है, पहले ही प्राप्त कर लेना चाहिए। कृपया ध्यान दें कि संभावित बोलीदाता उनसे ई–नीलामी पर ऑनलाइन प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। इच्छुक खरीदार/बोलीदाता को बयाना राशि (ईएमडी) जमा करनी होगी। एनईएफटी/आरटीजीएस/डीडी "**गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड–नीलामी आय खाता,**" **बैंक–आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड खाता संख्या–091551000028 और आईएफएससी कोड–** ICIC0000915, **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, पंचशील टेक पार्क, गणपति चौक के पास, 43/44 विमन नगर–411014** के खाते में किसी भी राष्ट्रीयकृत या अनुसूचित बैंक से **17.11.2026** से पहले जमा करें और **https://www.bankeauctions.com** पर अपना नाम पंजीकृत करें और निःशुल्क यूज़र आईडी और पासवर्ड प्राप्त करें और सेवा प्रदाता से ई–नीलामी का प्रशिक्षण प्राप्त करें। वेबसाइट पर पंजीकरण के बाद, इच्छुक क्रेता/बोलीदाता को निम्नलिखित दस्तावेजों की प्रतियां ई–मेल पर अपलोड करवानी होंगी और स्व–सत्यापित हार्ड कॉपी **ऊपर दर्शाये पते पर** पर भेजनी होगी। **मोबाइल नंबर +91 8281138143 ई–मेल आईडी** p.adith@grihumhousing.com **नियमों और शर्तों के बारे में अधिक जानकारी के लिए, कृपया ई–नीलामी में भाग लेने के लिए** https://www.bankeauctions.com **और** www.grihumhousing.com **पर जाएँ।**

इस सूचना को प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम–2002 के नियम 8(6) के अंतर्गत ऋणी/सह–ऋणी/बंधककर्ता/गारंटर को 30 (तीस) दिन का नोटिस भी माना जाना चाहिए।

किसी भी मामले में यदि स्थानीय भाषा के प्रकाशन और अंग्रेजी समाचार पत्र प्रकाशन की सामग्री में कोई अंतर है, तो प्री प्रेस जर्नल में प्रकाशित अंग्रेजी समाचार पत्र भाषा की सामग्री मान्य होगी।

स्थान: मध्य प्रदेश
दिनांक: 16.10.2026

हस्ता/– प्राधिकृत अधिकारी,
गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

नामांकन विज्ञप्ति / आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है नगर निगम ग्वालियर के क्षेत्र अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षे. क्रं. 22, वार्ड क्रं. 62, भवन क्रं. ... स्थान: प्लाट नं–56, सौर्य नगर, बेहटा पर स्थित है जो कि श्री/श्रीमती दुलाल कुमार विश्वास / श्री सुधीर विश्वास के नाम से नगर निगम में आई.डी. क्रं. 2000208624 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 2400 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय–पत्र क्रं. **A11098846** दिनांक 04.09.2024 के द्वारा प्राप्त किया गया है उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र खुरैरी क्षे. क्रं. 22 पर दिनांक 15.10.2026 को किया गया है जिसका आवेदन कार्य. क्रं. 87/2015/22466/22194/प्र.क्रं.*3/11 है उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त, नगर निगम ग्वालियर, सिटी सेन्टर में स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम/पता
धर्मेन्द्र सिंह भदौरिया / श्री जगमोहन सिंह
पता: प्लाट नं–56, सौर्य नगर, बेहटा, वार्ड–62
विज्ञप्ति जारी दिनांक: 15-10-2026

नामांकन विज्ञप्ति / आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है नगर निगम ग्वालियर के क्षेत्र अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षे. क्रं. 22, वार्ड क्रं. 62, भवन क्रं. ... स्थान: प्लाट नं–12, श्री द्वारिका एन्क्लेव फेस–3 खेरिया मिर्धा पर स्थित है जो कि श्री/श्रीमती वरुण पाराशर / श्री मुकेश कुमार पाराशर के नाम से नगर निगम में आई.डी. क्रं. 2000139519 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 1600 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय–पत्र क्रं. **A11138815** दिनांक 13.09.2024 के द्वारा प्राप्त किया गया है उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र खुरैरी क्षे.क्रं. 22 पर दिनांक 15.10.2026 को किया गया है जिसका आवेदन कार्य. क्रं. ...प्र.क्रं.*3/11 है उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त, नगर निगम ग्वालियर, सिटी सेन्टर में स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम/पता
राजेन्द्र सिंह / श्री जगमोहन सिंह
पता: प्लाट नं–12, श्री द्वारिका एन्क्लेव फेस–3 खेरिया मिर्धा, वार्ड–62
विज्ञप्ति जारी दिनांक: 15-10-2026

नामांकन विज्ञप्ति / आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है नगर निगम ग्वालियर के क्षेत्र अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षे. क्रं. 23, वार्ड क्रं. 64, भवन क्रं. ... स्थान: प्लाट क्रं–66,84, ए.बी. रोड़ ग्राम–गंगापुर पर स्थित है जो कि श्री/श्रीमती शाहनवाज राइन / श्री हाजी अब्दुल सत्तार राइन, मोहम्मद आसिफ राइन / श्री हाजी अब्दुल सत्तार राइन के नाम से नगर निगम में आई.डी. क्रं. 2000236756 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 1076 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय–पत्र क्रं. **A1857706** दिनांक 08.10.2021 के द्वारा प्राप्त किया गया है उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र पुरानी छावनी क्षे.क्रं. 23 पर दिनांक .... को किया गया है जिसका आवेदन कार्य. क्रं. ...प्र.क्रं.*3/11 है उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त, नगर निगम ग्वालियर, सिटी सेन्टर में स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम/पता
ज्योति रेजानी / श्री नानकराम रेजानी
पता: प्लाट क्र–66,84, ए.बी. रोड़ ग्राम–गंगापुर, वार्ड–64
विज्ञप्ति जारी दिनांक: 15-10-2026

नामांकन विज्ञप्ति / आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है नगर निगम ग्वालियर के क्षेत्र अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षे. क्रं. 23, वार्ड क्रं. 64, भवन क्रं. ... स्थान: प्लाट क्र–63 सी, ए.बी. रोड़ ग्राम–गंगापुर पर स्थित है जो कि श्री/श्रीमती महेश कक्कड / स्व. श्री दीवान चन्द्र कक्कड के नाम से नगर निगम में आई.डी. क्रं. 2000231276 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 538 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय–पत्र क्रं. **A11654789** दिनांक 27.03.2023 के द्वारा प्राप्त किया गया है उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र पुरानी छावनी क्षे.क्रं. 23 पर दिनांक .... को किया गया है जिसका आवेदन कार्य.क्रं. ...प्र.क्रं. *3/11 है उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त, नगर निगम ग्वालियर, सिटी सेन्टर में स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम/पता
दुर्गेश साहू / स्व. श्री ओमप्रकाश साहू
पता: प्लाट क्र–63 सी, ए.बी. रोड़ ग्राम–गंगापुर, वार्ड–64
विज्ञप्ति जारी दिनांक: 15-10-2026

नामांकन विज्ञप्ति / आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है नगर निगम ग्वालियर के क्षेत्र अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षे. क्रं. 23, वार्ड क्रं. 64, भवन क्रं. ... स्थान: प्लाट क्र–06, ए.बी. रोड़ पुरानी छावनी पर स्थित है जो कि श्री/श्रीमती फ्रूट मार्केट ट्रेडर्स गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्या. ग्वालियर द्वारा–श्री मनोहर लाल भल्ला के नाम से नगर निगम में आई.डी. क्रं. 2000319339 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 480 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय–पत्र क्रं. **A1821547** दिनांक 07.12.2020 के द्वारा प्राप्त किया गया है उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र पुरानी छावनी क्षे.क्रं. 23 पर दिनांक .... को किया गया है जिसका आवेदन कार्य. क्रं. ...प्र.क्रं.*3/11 है उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त, नगर निगम ग्वालियर, सिटी सेन्टर में स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम/पता
अनीता सिंह कुशवाह / श्री धारा सिंह कुशवाह
पता: प्लाट क्र–06, ए.बी. रोड़ पुरानी छावनी, वार्ड–64
विज्ञप्ति जारी दिनांक: 15-10-2026

नामांकन विज्ञप्ति / आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है नगर निगम ग्वालियर के क्षेत्र अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षे. क्रं. 23, वार्ड क्रं. 64, भवन क्रं. ... स्थान: प्लाट क्र–05, ए.बी. रोड़ पुरानी छावनी पर स्थित है जो कि श्री/श्रीमती फ्रूट मार्केट ट्रेडर्स गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्या. ग्वालियर द्वारा–श्री मनोहर लाल भल्ला के नाम से नगर निगम में आई.डी. क्रं. 2000319338